बिहार सरकार
उद्योग विभाग

पत्रांक– पटना, दिनांक–

संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20

प्रेषक,

अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),
बिहार, पटना।

द्वारा– आतंरिक वित्तीय सलाहकार।

विषय– वित्तीय वर्ष 2025–26 में अंडी रेशम फार्म, बेगूसराय का कार्यालय सह प्रशिक्षण भवन, ग्रेनेज हॉल का निर्माण एवं पुराने चाहरदीवारी का जीर्णोद्धार कार्य हेतु राशि रु0 1,51,33,074/– (रु0 एक करोड़ एकावन लाख तेंतीस हजार चौहत्तर) मात्र को आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा) के पी0एल0 खाता संख्या– PBBPLA012 में CFMS के माध्यम से उपलब्ध कराने की स्वीकृति।

आदेश– स्वीकृत।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2025–26 में अंडी रेशम फार्म, बेगूसराय का कार्यालय सह प्रशिक्षण भवन, ग्रेनेज हॉल का निर्माण एवं पुराने चाहरदीवारी का जीर्णोद्धार कार्य हेतु राशि रु0 1,51,33,074/– (रु0 एक करोड़ एकावन लाख तेंतीस हजार चौहत्तर) मात्र को आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा) के पी0एल0 खाता संख्या– PBBPLA012 में CFMS के माध्यम से उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. उक्त स्वीकृत राशि से अंडी रेशम फार्म, बेगूसराय का कार्यालय सह प्रशिक्षण भवन, ग्रेनेज हॉल, चाहरदीवारी निर्माण एवं पुराने चाहरदीवारी का जीर्णोद्धार पर होने वाले व्यय का वहन किया जाएगा।

3. मुख्य शीर्ष– 4851– ग्राम तथा लघु उद्योग, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–107– रेशम उत्पादन उद्योग, उप शीर्ष– 0103– मुख्य निर्माण मद, विपत्र कोड– 23-4851001070103 के अन्तर्गत विषयशीर्ष– 53–01 मुख्य निर्माण मद से राशि रु0 1,51,33,074/– (रु0 एक करोड़ एकावन लाख तेंतीस हजार चौहत्तर) मात्र विकलित होगा जिसके लिए यथेष्ठ उपबंध प्राप्त है।

4. इस योजना के नियंत्री एवं पर्यवेक्षण पदाधिकारी निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना होंगे, जो इस योजना का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे तथा पी0एल0 खाताधारी पी0एल0 खाता का धन, ऋण, ज्ञापन (PLUS Minus Memorandum) एवं व्यय के सुसंगत वाउचर उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ सममय महालेखाकार, बिहार, पटना को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे एवं एक प्रति विभाग में भी उपलब्ध कराएंगे।

5. इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी वरीय लेखा पदाधिकारी, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना होंगे।

6. स्वीकृत्यादेश में वर्णित राशि निर्धारित समय सीमा के अन्दर एजेंसी द्वारा कार्यों का संपादन कर व्यय से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

7. प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा), पटना इस राशि का व्यय विवरणी/उपयोगिता प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में विभाग को उपलब्ध कराएंगे, जिसे नियमानुसार महालेखाकार, बिहार, पटना को भेजा जाएगा।

8. राशि की निकासी वित्त विभागीय पत्रांक 2561/वि(2) दिनांक 17.04.1998 की कंडिका– 2 के आलोक में किया जाएगा तथा इन प्रपत्रों में निहित अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

9. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या 7355/वि0(2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

कृ0पृ0उ0..........

10. स्वीकृत्यादेश एवं प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 के पृष्ठ 119/टि0 दिनांक 20.01.26 को प्राप्त है।

11. स्वीकृत्यादेश एवं प्रस्ताव पर सचिव, उद्योग विभाग का अनुमोदन संचिका संख्या– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 के पृष्ठ 119/टि0 दिनांक 30.01.26 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अनिल कुमार)
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र–सह–सहायक उद्योग निदेशक(रेशम), मुजफ्फरपुर/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(7)

ह0/–
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वीकृति– 03/20 पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– वरीय लेखा पदाधिकारी, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना को दो प्रतियों में / लेखा शाखा, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– संचिका सं0– रे0/यो0 (IDA) स्वी0 – 03/20 162 पटना, दिनांक– 06/02/2026
प्रतिलिपि– संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/योजना शाखा, उद्योग विभाग/उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना/सचिव के आप्त सचिव, उद्योग विभग, बिहार, पटना/आय–व्ययक पदाधिकारी, उद्योग निदेशालय/आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/02/26
अपर सचिव
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।